# बोलता नहीं, करता हूं

मलबार हिल विधानसभा क्षेत्र की
बेहतर सेवा के लिए प्रमुख कार्य




**मंगल प्रभात लोढा**
*विधायक - मलबार हिल*



मेरे आदर्श एवं प्रेरणा स्त्रोत - श्री नरेंद्र भाई मोदी

प्रिय साथियों,


मुझे खुशी है कि हमारे क्षेत्र की समस्याओं के समझने और उनको सुलझाने में आपके प्रतिनिधि के रुप में आप सभी के साथ मिल-जुलकर मैंने काम किया है। आपके छोटे - बड़े हर मुद्दे को तत्काल सुलझाने को मेरा सबसे पहला और महत्वपूर्ण कर्तव्य मानकर मैं आपके साथ काम करता रहा हूं। विधायक के नाते महाराष्ट्र में सरकार की नीतियों के निर्माण की मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी के अलावा - शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, व्यवसाय, ओपन स्पेस एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास जैसे आपको प्रभावित करनेवाले हर क्षेत्र में मैंने काम किया है। इन्हीं में से कुछ विशिष्ट महत्व के कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए आगे भी आपके सहयोग और आशीर्वाद की अपेक्षा है।



**मंगल प्रभात लोढा**
विधायक - मलबार हिल

**कांग्रेस के कुशासन के बावजूद हमारे क्षेत्र की समस्याओं को सुलझाने में हम बहुत हद तक सफल रहे हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी का शासन आने के बाद बहुत कुछ और किया जा सकता है।**

महाराष्ट्र में पिछले कई सालों से लगातार कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार की वजह से हमें नुकसान उठाना पड़ा है। विकास की सारी गतिविधियां ठप गई हैं। मुंबई में व्यवसाय तो खतरे में है ही, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा पर भी खतरा बढ़ गया है और रोजगार के अवसर लगभग समाप्त हो रहे हैं। बुनियादी सुविधाएं भी चरमरा गई हैं। हर नई परियोजना की लागत ३ से ५ गुना बढ़ गई है और उसे पूरा करने का समय भी घोषित समय के मुकाबले २ से ३ गुना ज्यादा हो गया है। यह सब सिर्फ इस वजह से है क्योंकि सरकार का फोकस सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार और भाई - भतीजावाद पर ही रह गया है। मुंबई की प्रगति की हर बात को खारिज करके विकास के सारे प्रस्ताव एक तरफ डाल दिए गए हैं। सरकार के इस तरह के नकारात्मक और विकास विरोधी रवैये के बावजूद मलबार हिल विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को सुलझाने में आप सबके समर्थन और मेरे साथियों के सहयोग की वजह से मैं काम करता रहा हूं। नरेंद्र भाई मोदी के प्रधानमंत्री बनने और आनेवाले दिनों में होनेवाले चुनाव के बाद महाराष्ट्र में भी नई सरकार बनने के बाद मुझे लगता है कि हम कुशासन के इस अंधेरे से निकलकर एक मजबूत और प्रगतिशील मुंबई बनाने में हम कामयाब होंगे। आपके सभी सहयोग से मलबार हिल को विश्व स्तरीय क्षेत्र बनाने के लिए में कृत संकल्प हूं।



# मैं हमेशा कानून के लिए लड़ा। क्योंकि कानून ही हमारे अधिकारों की रक्षा कर सकता है।

### आरटीआई कानून की शुरुआत एवं महत्वपूर्ण संशोधन

सन १९९७ में महाराष्ट्र विधान सभा में मैंने एक क्रांतिकारी शुरुआत के तौर पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) एक्ट का प्रस्ताव पेश किया, जिस पर बाद में केंद्र सरकार ने कानून बनाकर देश भर में लागू किया। तत्पश्चात सन २०१३ में मैंने आरटीआई एक्ट में यह संशोधन करने का महत्वपूर्ण प्रस्ताव पेश किया कि सूचना चाहनेवाले व्यक्ति को उस जानकारी से अपनी संबद्धता घोषित करना आवश्यक किया जाए, ताकि आरटीआई एक्ट का दुरुपयोग रोका जा सके।





महाराष्ट्र में भी

3 जागरूक टाइम्स, मुंबई, बुधवार 3 अप्रैल 2013

# एनिमल वेलफेअर बोर्ड की मांग

मुंबई। केंद्र एवं देश के 20 राज्यों की तरह महाराष्ट्र में भी तत्काल एनिमल वेलफेअर बोर्ड बनाया जाना चाहिए। मलबारहिल के विधायक मंगलप्रभात लोढ़ा ने विधानसभा में सरकार से यह मांग करते हुए कहा कि प्रदेश में यह बोर्ड बनाने का प्रावधान होने के बावजूद सरकार इसमें विलंब कर रही है। विधानसभा में विधायक लोढ़ा की इस मांग पर विधानसभा अध्यक्ष दिलीप वलसे पाटिल ने पशुपालन मंत्री मधुकर चव्हाण को निर्देश दिए कि सरकार इस मामले में तत्काल सदन में अपना जवाब पेश करे। विधायक लोढ़ा ने विधानसभा में कहा कि सरकारी आंकड़ों के हिसाब से पिछले 4 सालों में देश से मांस का निर्यात 44 फीसदी बढ़ गया है। उन्होंने जानकारी दी कि 2008 में देश में कत्लखानों की संख्या 5.57 लाख थी, जो आज आश्चर्यजनक रूप से बढ़कर सिर्फ 5 सालों में 8.05 लाख हो गई है। बीते वर्ष में गोवंश सहित पशुधन के मांस के निर्यात का आंकड़ा 18 हजार करोड़ रुपए को भी पार कर सकता है। विधानसभा में लोढ़ा ने कहा कि महाराष्ट्र में अकाल पड़ने का कारण भी पशुधन का समाप्त होना ही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रदेश में भी शीघ्र एनिमल वेलफेअर बोर्ड बनाया जाना चाहिए, जिससे पशुधन की रक्षा की जा सके। विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर पशुपालन मंत्री ने एक सप्ताह के भीतर एनिमल वेलफेअर बोर्ड के मामले में सरकार की तरफ से कारवाई पर जवाब देने का आश्वासन दिया। विधायक लोढ़ा ने विश्वास जताया कि सरकार इस मामले में कोई सकारात्मक फैसला

## महाराष्ट्र में पशु कल्याण बोर्ड का गठन

प्राणी रक्षा मेरा हमेशा से खास विषय रहा है। गोवंश रक्षा कानून के लिए विधानसभा में मैंने एक विधेयक भी पेश किया। कई वर्षों तक लगातार प्रयास करके महाराष्ट्र में पशु धन को बचाने के लिए पशु कल्याण बोर्ड का गठन करवाने में मैं सफल रहा हूं।

## मंदिरों पर सरकार के अधिग्रहण पर रोक

सरकार ने अधिसूचना जारी करके सरकारी पैनल को मंदिर प्रबंधन पर पर नियंत्रण की इजाजत दी तो, इसका मैंने जबरदस्त विरोध किया। मैंने सरकार से कहा कि मंदिरों में यह सरकारी हस्तक्षेप धर्म के प्रचार करने के हमारे संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। सरकार को अंततः इस अधिसूचना को वापस लेना पड़ा।

**आरटीआई एक्ट लागू करवाने से लेकर हाउसिंग सोसायटी अधिनियम के सरलीकरण, अन्यायपूर्ण एलबीटी के विरोध के मामले में कानून का सकारात्मक उपयोग करनेवाले प्रतिनिधि की भूमिका निभाने में मैं सफल रहा हूं।**

## अन्यायपूर्ण एलबीटी (लोकल बॉड़ी टैक्स) का विरोध:

राज्यभर में एलबीटी लागू किये जाने के विरोध में मैं हमेशा व्यापारी समाज के साथ खड़ा रहा। 'फाम' और 'मासमा' सहित व्यापारिक संस्थाओं के हर विरोध प्रदर्शन और धरने आदि में शामिल

होकर सरकार के इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। विधानसभा में भी मैंने इसका पुरजोर विरोध करके मुंबई में एलबीटी लागू न करने के बारे में सरकार को मजबूर किया। साथ ही एलबीटी विरोध के इन आंदोलनों में मुंबई के विभिन्न १० पुलिस थानों में व्यापारी साथियों पर जो मुकदमे किए गए थे, उनको भी वापस लेने के लिए सरकार पर दबाव डाला और अंततः सरकार इन सभी मामलों को रद्द करने पर सहमत हुई।

## हाउसिंग सोसायटियों के नए नियमों का सरलीकरण

सरकार जब शक्कर कारखानों के घोटालों पर काबू पाने के लिए कॉपरेटिव सोसायटी अधिनियम को अधिक सख्त बनाने जा रही थी, तो मैंने विधानसभा में इसका विरोध किया और इस क्रूर कानून से छुटकारा दिलाने की वजह से हाउसिंग सोसायटियों का लेखा - जोखा अब आसान हुआ है और कॉपरेटिव रजिस्ट्रार अब किसी भी हाउसिंग सोसायटी पर अधिकार नहीं जमा सकते।

## प्रॉपर्टी टैक्स का विरोध

मुंबईकरों पर लादे जा रहे कैपिटल वेल्यू बेस्ड प्रॉपर्टी टैक्स सिस्टम को कांग्रेसी सरकार द्वारा जबरदस्ती पारित करने के बाद मुंबईकरों के साथ मिलकर एक लंबा आंदोलन करके उसे लागू होने से रुकवाया।



# मेरा मानना है कि टैक्स देनेवाले नागरिक के रुप में बेहतर आधारभूत सुविधाएं हमारा अधिकार है।

**हमने बहुत कुछ अच्छा किया है, और महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी के सरकार का हिस्सा बनते ही मलबार हिल को हम विश्व स्तरीय बनाने के लिए तत्पर हैं।**

### ट्रैफिक आसान बनाने के लिए सीरी रोड़

हमारे क्षेत्र में ट्रैफिक की भीड़भाड़ कम करने के लिए मैंने हैंगिंग गार्डन से चौपाटी बैंड स्टैंड तक सीरी रोड़ को वाहनों के लिए खोलने का प्रस्ताव दिया। चार साल तक लगातार प्रयास के बाद महानगरपालिका ने इसे स्वीकार कर लिया है और आनेवाले कुछ समय में यह रोड़ शुरु हो जाएगा। इससे पहले, लोकल रेजिडेंट एसोसिएशन की सहभागिता से नेपियन सी रोड़ को चौड़ा करने का काम हम पूरा कर चुके हैं।

### चर्नी रोड़ स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज

ऑपेरा हाउस से चौपाटी - बिड़ला क्रीड़ा केंद्र जाने वाले रेल्वे फुटओवर ब्रिज का निर्माण विधायक फंड से करवाया गया, ताकि पैदल चलनेवाले लोगों को सुविधा हो सके।

### बाणगंगा सरोवर का सुशोभीकरण

बाणगंगा सरोवर एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है। इसके व्यापक सुशोभीकरण का काम कराया गया, ताकि पर्यटन विकसित हो और श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके।



## वसंत दादा पाटिल उद्यान का सौंदर्यीकरण

ताड़देव स्थित वसंत दादा पाटिल उद्यान बीते कई सालों से डंपिंग ग्राउंड और टैक्सी पार्किंग की जगह बन गया था। स्थानीय जनता की सुविधा के लिए मैंने प्रयास करके इसके विकास का काम शुरु कराया।

## वरिष्ठ नागरिक पार्क निर्माण एवं बच्चों के लिए प्ले ग्राऊंड



विधायक फंड का उपयोग करके कमला नेहरु पार्क में वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए विशेष पार्क का निर्माण किया गया, साथ ही बच्चों के लिए बने प्ले ग्राऊंड को भी अपग्रेड करवाया गया।

## चंदनावाड़ी एवं बाणगंगा श्मशान का नूतनीकरण

अपने प्रियजनों के अंतिम संस्कार के लिए चंदनवाड़ी एवं बाणगंगा श्मशान घाटों की पूर्ण मरम्मत करके मैंने उनके नूतनीकरण का कार्य कराया।



## बाबुलनाथ के अभिषेक जल का समुद्र में प्रवाह

बाबुलनाथ मंदिर में भगवान शिव के अभिषेक का पवित्र जल कई सालों से गटर में बह रहा था। मेरी आस्था और शिव भक्तों की धार्मिक भावना का खयाल करते हुए मैंने मंदिर से समुद्र तक विशेष पाइप लाइप स्थापित करवाई, ताकि भगवान के अभिषेक के पावन जल की पवित्रता अखंड रहे।

## पुरानी एवं जर्जर बिल्डिंगों की मरम्मत

हमारे विधान सभा क्षेत्र में कई इमारतें जीर्ण-शीर्ण हालत में हैं। इनमें से कई की हालत बहुत ज्यादा खराब थी। मैंने अपने विधायक फंड से धोबी घाट मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, नीरज सोसायटी सहित सारस्वत कॉलोनी आदि की जर्जर इमारतों की मरम्मत का काम करवाया।

## बिड़ला क्रीड़ा केंद्र की फिर शुरुआत

मलबार हिल विधानसभा क्षेत्र का यह सांस्कृतिक केंद्र बीते कई सालों से बंद पडा था। हाल ही में मैंने इसके नवीनीकरण के लिए १ करोड़ रुपए की राशि की व्यवस्था करवाई है। अगले साल २०१५ में यह फिर शुरु हो जाएगा।

**यातायात की सुविधा, ओवर ब्रिज के निर्माण और पार्क आदि के अपग्रेडेशन के लिए मैं समर्पित रहा हूं।**

## सौर ऊर्जा और एलईडी लाइट के लिए पायलट प्रोजेक्ट

हमारी सड़कों पर बेहतर लाइटिंग का काम ईको फ्रेंडली तरीके से करने के लिए हैंगिंग गार्डन और ऑफ ब्रीच कैंडी के पास सिल्वर ओक इस्टेट लेन में सौर ऊर्जा और एलईडी लाइट स्थापित की गई हैं। इस शुरुआती प्रयास की सफल के बाद इसे अब पूरे मलबार हिल क्षेत्र में लागू किया जाएगा।

## नायकों का सम्मान - शहीद तुकाराम ओंबले की प्रतिमा की स्थापना

मुंबई पर हुए सन २००८ के पाकिस्तानी आतंकवादी हमले में कसाब को जिंदा पकड़नेवाले शहीद तुकाराम ओंबले को मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया गया। मैंने २६ नवंबर २००९ को चौपाटी स्थित उनके शहादत स्थल पर स्मारक का निर्माण करवाया।



## नाना जगन्नाथ शंकर सेठ की प्रतिमा का सम्मान

आधुनिक मुंबई के शिल्पकार नाना जगन्नाथ शंकर शेठ के स्मारक के पुनरुद्धार के बारे में कई बार मांग करने के बावजूद सरकार द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया तो, मैंने अपने प्रयासों से पुनरोद्धार करवाकर आम जनता की तरफ से श्रद्धा भाव प्रकट किया।



लोढा फाउन्डेशन एंबुलेंस सेवा

# मोबाइल हेल्थ क्लिनिक के माध्यम से आसान उपलब्ध चिकित्सा सेवा

### मोबाइल हेल्थ क्लीनिक द्वारा स्वास्थ्य संरक्षण

स्वास्थ्य सेवाओं को जन सामान्य के लिए सुलभ बनाने हेतु हम पूरे मलबार हिल विधानसभा क्षेत्र में मोबाइल मेडीकल सुविधाओं का संचालन कर रहे हैं। इस मेडीकल वैन सेवा से सालाना इस ६० हजार से ज्यादा लोग लाभान्वित हो रहे हैं। ये मेडीकल वैन और डॉक्टर्स रोज सुबह और शाम अलग अलग इलाकों में दो-दो घंटे के कैंप के माध्यम से दवाई और परीक्षण की मुफ्त सेवा दे रही हैं।

### मेडिकल बिल में छूट

जीवन आशा योजना के तहत हमने विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से १२०० लोगों को २ करोड रुपए की मेडीकल सहायता प्रदान की एवं १ करोड रुपए की हॉस्पिटल बिल में छूट दिलवाई।

### स्कूल हैल्थ कैंप का आयोजन

हम नियमित रुप से प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के कुल ३५ सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में सालाना करीब १५ हजार छात्रों का हेल्थ चेकअप कर रहे हैं। इन छात्रों की मेडीकल चेकअप रिपोर्ट



मोबाइल मेडीकल वैन

की एक कॉपी अभिभावकों के अलावा स्कूल को भी दी जाती है, ताकि चिकित्सकीय सलाह की समुचित अनुपालना का खयाल रखा जा सके।

## निरोगी महिला अभियान



शारीरिक रुप से अस्वस्थ महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार के लिए यह अभियान शुरु किया गया है। यह विशेष रुप से उन महिलाओं और किशोर बालिकाओं के सहयोग की कोशिश है, जो कमजोर आर्थिक स्थिति की वजह से अपना इलाज कराने में असमर्थ है।

## मलेरिया व डेंगू नियंत्रण

हाउसिंग सोसायटियों और झोपडियों में किसी भी जगह, प्रवाह में अवरोध के कारण गंदे पानी के भराव की जगहों पर मलेरिया और डेंगू के मच्छर पैदा होने के असर ज्यादा होते हैं। इसे रोकने के लिए मैंने अपने स्तर पर पूरे क्षेत्र में मशीन के जरिये फोगिंग की सुविधा की है, ताकि ये खतरनाक मच्छर न पैदा हों।

## स्वच्छ जल के लिए टैंक क्लीनिंग अभियान

पानी से होनेवाली बीमारियों की रोकथाम और स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल की सुनिश्चितता के लिए हमने पूरे क्षेत्र में वाटर टैंक क्लीनिंग योजना की शुरुआत की। जिसके तहत हाउसिंग सोसायटियों, स्कूलों, कॉलेजों और पुलिस थानों के वाटर टैंक की सफाई का काम लगातार चल रहा है। इस कार्यक्रम के तहत हर साल ५०० से ज्यादा कॉम्प्लेक्स के करीब ४००० वाटर टैंक साफ किये जा रहे हैं।

## जैनरिक मेडीकल शॉप

जन सामान्य को अल्प लागत पर बेहतर जैनरिक दवाईयां उपलब्ध कराने के लिए हमने गिरगांव में सेंट्रल प्लाजा के पास जैनरिक मेडीकल शॉप की स्थापना की है, जहां २७० से ज्यादा जीवनोपयोगी दवाइयां अल्प दरों पर उपलब्ध हैं। सालाना करीब ३० हजार से भी ज्यादा लोग इस मेडीकल शॉप से लाभान्वित हो रहे हैं।

सफाई अभियान, चिकित्सा सुविधा और एवं निः शुल्क चेकअप - यानी स्वस्थ



रियायती दरों पर दवाई विक्रय



# युवा मुंबई की क्षमता की पहचान

### शारदा मंदिर हाईस्कूल को दोबारा शुरू करने की पहल

मलबार हिल विधानसभा क्षेत्र में अपने प्रयासों से अधिक से अधिक स्कूल सुनिश्चित करने का मैंने बीड़ा उठाया है। इसी क्रम में हाल ही में मैंने गामदेवी के शारदा मंदिर हाईस्कूल को दोबारा शुरू कराने की पहल की। स्कूल बंद कर दिया गया था। अब यह स्कूल वाजिब फीस पर एसएससी/ आईसीएससी मीडियम की १००० से अधिक नई स्कूल सीटें प्रदान करेगा।

### न्यू इरा स्कूल को बंद होने से रुकवाया

पेडर रोड के न्यू इरा स्कूल को बंद किया जा रहा था। मैं नौ दिन तक लगातार स्कूल के बाहर भूख हड़ताल पर बैठा, आखिर राज्य सरकार को अपना फैसला वापस लेना पड़ा।

### कमजोर वर्ग के लिए स्कॉलरशिप

लोढ़ा फाउंडेशन के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी छात्रों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरु किया गया। इन छात्रवृत्तियों के जरिये अब तक ५००० से अधिक छात्रों को पांच साल से अधिक समय तक शिक्षा दिलाई जा रही हैङ।



## वयस्कों के लिए इंग्लिश स्पीकिंग क्लासेस

आज के कॉर्पोरेट जगत में, अंग्रेजी जाननेवालों के लिए कई अवसर खुल जाते हैं। हमने अंग्रेजी बोलने की योग्यता बढ़ाने के लिए एक कार्यक्रम तैयार किया है, जहां हर साल ५०० से अधिक व्यक्तियों को खासकर उन युवकों और गृहणियों की हम मदद कर रहे हैं, जिन्हें स्कूल में अंग्रेजी सीखने का अवसर नहीं मिला।




व्यक्तित्व विकास शिविर में प्रशिक्षणार्थी

## कैरियर गाइडेंस कैंप

विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के सहयोग से हमने उनमें पढ़नेवाले ७००० से अधिक छात्रों को हर साल उनके कैरियर भविष्य की योजना और आगामी अध्ययन के बारे में विस्तृत जानकारी हेतुकैरियर मार्गदर्शन कैंप के आयोजन किए।

## बालिका शिक्षा को बढ़ावा

बालिकाओं की शिक्षा मेरे लिए बहुत महत्व रखती है। हमने इसे बढ़ावा देने के लिए माध्यमिक से स्नातक स्तर पर बाालिका शिक्षा को प्रायोजित किया है। ऐसी बालिकाओं की पहचान की है, जो बीच में ही पढ़ाई छोड़ चुकी थीं। उन्हें मुक्त विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिलाकर उनकी शिक्षा की व्यवस्था की है।



## मोबाइल लाइब्रेरी

मोबाइल लाइब्रेरी की अवधारणा ऐसे लोगों की जरूरत को पूरा करने के लिए बनी, जो अपने निवास से दूर लाइब्रेरी में नहीं जा सकते। हमने मोबाइल लाइब्रेरी की शुरुआत की, जो आस पास के क्षेत्र में सप्ताह के दौरान ४८ विभिन्न स्थलों पर रुकता है और ४००० से अधिक लोगों की पढ़ने की जरूरतों को पूरा करता है।



## इंटरनेट, कंप्यूटर, स्मार्टफोन का प्रशिक्षण

डिजीटल इंडिया के क्रम में लोगों को बेहतर संवाद और शिक्षित करने में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल तथा लोगों को डिजिटली सक्षम बनाने के लिए हमारे क्षेत्र में ४० वर्ष से ज्यादा उम्र के ७००० से ज्यादा नागरिकों को प्रशिक्षित किया गया, ताकि वे इंटरनेट, कंप्यूटर, स्मार्टफोन आदि संचालित करना सीखें। प्रशिक्षण के बाद अब वे संचार क्रांति की दौड़ में पिछड़े नहीं हैं।



## अल्प आय वर्ग के छात्रों के लिए अध्ययन केंद्र

जिनके पास जगह नहीं है उन अल्प अध्ययन के लिए अपने घरों में उपयुक्त आय वर्ग के छात्रों के लिए, लिए मैंने खेतवाड़ी में एक अध्ययन केंद्र विकसित किया है। यह केंद्र रोज सुबह ८ बजे से रात १० बजे तक खुला रहता है और इसमें २००० से अधिक शैक्षणिक पुस्तकें हैं।

नई स्कूलों की शुरुआत और पुरानी स्कूलों की इमारतों का जीर्णोध्दार, शिक्षित पीढ़ी हमारे राष्ट्र का स्तर और ऊंचा उठाएगी।

## शैक्षणिक सामग्री वितरण

मलबार हिल इलाके के विभिन्न स्कूलों के ३,००० हजार छात्रों को हमारी ओर से हर साल स्कूल बैग, नोट बुक, पाठ्य पुस्तकों एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण की जा रहा है।



# प्रशिक्षण, आत्म निर्भरता एवं करियर, क्योंकि कड़ी मेहनत करनेवाला हर व्यक्ति अवसर का हकदार है।

### स्वावलंबी महिला समूहों का गठन

करीब २००० से ज्यादा महिलाओं के २१२ ग्रुप गठित करके उनमें लघु उद्यम को विकसित करने में सहायता करने की सामाजिक पहल की गई है। महिला बचत गट की इस मजबूत पहल के जरिये उनके स्वावलंबन में आर्थिक सहयोग के साथ साथ उनमें बचत की प्रवृति का विकास करके उन्हें आत्म निर्भर बनाने के काम में हम सफल रहे हैं।

### २ हजार लोगों को रोजगार

पिछले ५ साल में करीब २ हजार से भी ज्यादा युवक - युवतियों को प्रशिक्षण देकर विभिन्न प्राइवेट कंपनियो एवं सरकारी संस्थानों में रोजगार दिलवाया।



## युवा प्रतिभाओं के विकास के लिए रोजगार परक कार्यक्रम

रोजगार प्राप्ति का कौशल विकसित करने के लिए हमारे विशेष कार्यक्रम के तहत १८ से ३५ साल की उम्र के युवाओं को इंटरव्यू की प्रभावशाली तैयारी, असरकारक बायोडेटा लेखन एवं करियर के बारे मे मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। इस कार्यक्रम के तहत हर साल १००० से ज्यादा युवाओं को रोजगार पाने मेंङङ सहायता प्रदान की जाती है।

**हर जरुरतमंद व्यक्ति को प्रशिक्षण प्राप्ति का हक है। मेरा विश्वास है कि ये कार्यक्रम हर व्यक्ति को रोजगार की सुनिश्चितता में सहायक हैं।**

## महिलाओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण

महिलाओं को स्वावलंबी बनाने तथा उनमें रोजगार के अवसरों को बढावा देने के उद्देश्य से व्यावसायिक प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम कई सालों से चलाया जा रहा है। इमीटेशन ज्वेलरी निर्माण, ब्यूटीशियन, मेहंदी डिजाईनिंग, एवं सॉफ्ट टॉय निर्माण के प्रशिक्षण के जरिये सालाना १२०० महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## कंम्प्यूटर व मोबाइल रिपेयरिंग

युवा वर्ग में स्वयंरोजगार को बढावा देने के लिए कंम्प्यूटर रिपेयरिंग एवं मोबाइल फोन मरम्मत के व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत हमारे चार प्रशिक्षण केंद्रों पर ट्रेनिंग दी जा रही है। कंम्प्यूटर और स्मार्ट फोन के लगातार बढते उपयोग की वजह से इस कोर्स की मांग भी बढती जा रही है।









शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजली अर्पण समारोह में
श्री नरेंद्रभाई मोदी एवं भारतरत्न लता मंगेशकर

# भारत को एक सूत्र में बांधने का प्रयास

**श्रेष्ठ भारत–भारतीय सुरक्षा बलों को समर्पित**

हमने 'श्रेष्ठ भारत' की एक परिकल्पना की और २७ जनवरी २०१४ को देशभक्ति से ओतप्रोत गीत 'ऐ मेरे वतन के लोगों' की ५०वीं सालगिरह के अवसर पर एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया। देशभक्ति के भावों से भरे इस गीत को स्मरण करते हुए, हमने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस खास अवसर पर डेढ़ लाख लोगों के बीच शौर्य पुरस्कार विजेता १०० योद्धाओं का श्री नरेंद्र मोदी ने सम्मान किया। भारतरत्न लता मंगेशकर अपने गाए इस गीत की गोल्डन जुबली के विशेष मौके पर स्वयं भी उपस्थित थीं।







## मलबार महोत्सव– समाज की सक्रिय भागीदारी का अवसर

हम अपने चुनाव क्षेत्र में खेल, संस्कृति और कला को प्रोत्साहित करने के लिए हम हर साल मलबार हिल महोत्सव का आयोजन करते हैं।इस कार्यक्रम में हर साल १० हजार से ज्यादा लोग विभिन्न खेल

गतिविधियों में भाग लेते हैं। सामाजिक समन्वय एवं खेल विकास का यह आयोजन आप सभी के सहयोग से हर साल सफल हो रहा है।

## मुंबई गणेश महोत्सव

हम मुंबई के सबसे लोकप्रिय और सम्मानित गणेश महोत्सव का आयोजन गिल्डर टैंक, ग्रांड रोड में आयोजित करते हैं। इस उत्सव में भगवान गणेश की पूजा के साथ ही प्रदर्शनी का भी आयोजन होता है, जिसमें देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ युवाओं को अपनी महान संस्कृति और इतिहास से परिचित कराते हैं।

**सालों पहले एक छोटे से पैमाने पर शुरू हुआ मलबार महोत्सव आज 'आयकॉनिक उत्सव' का रूप ले चुका है।**

## राष्ट्रीय ध्वज वंदन समारोह का आयोजन

हमें अपने देश पर गर्व है। देशभक्ति और एकता की भावना से सराबोर स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के खास मौके पर हर साल हम लगभग २००० हाउसिंग सोसायटीज के साथ मिलकर ध्वजारोहण का आयोजन करते हैं।

# विधायक के रुप में राजकीय कार्यों के अलावा मेरा मानना है कि समाज से जुडा हर कार्य भी विधायक की जिम्मेदारी है।

### हेल्पलाइन नंबर-१२७८

मैने अपने चुनाव क्षेत्र मलाबार हिल में चौबीस घंटे कार्यरत रहने वाली हेल्पलाइन १२७८ की स्थापना की है, जहां पर कोई भी व्यक्ति अपनी नागरिक समस्याओं को रजिस्टर कर सकता है, जिससे प्रशासन को और मजबूत व उत्तरदायी बनाया जा सके। हम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न संबंधित सरकारी कार्यालयों में जाकर व्यक्तिगत रुप से मिलते हैं और फिर समय समय पर कार्य की प्रगति की जानकारी भी लेते हैं ताकि नागरिकों को अपनी समस्याओं को दूर करने के लिए भटकना ना पडे।

### विकास के नाम पर लोगों को फंसाने का विरोध

कांग्रेस शासित म्हाडा व एस.आर.ए. से मिलीभगत करते झोपडपट्टी, चाली व पुरानी बिल्डींगों के विकास के समय स्थानीय लोगों को धमकाने व फंसानेवाले बिल्डरों का विरोध कर जनता के साथ खड़ा रहा, आज भी वो लड़ाई जारी है।

### रीडेवलपमेंट के फर्जीवाड़े से लोगों का बचाव

बाणगंगा में सरकारी जमीन पर एक कांग्रेसी महिला नेता बिना कानूनी प्रावधान के लोगों से एग्रीमेंट करके रीडेवलपमेंट के नाम पर फंसाने की कोशिश कर रही थी। मैंने बाणगंगा के लोगों को जागृत करते हुए सावधान रहने की विशेष मुहिम चलाई और स्थानीय जनता को फर्जी लोगों के चंगुल में फंसने से बचाया।

### बाणगंगा की पवित्रता एवं पर्यावरण

ऐतिहासिक महत्त्व के बाणगंगा सरोवर में पितृ तर्पण अवसर पर विशेष व्यवस्था। जिससे लाखों मछलियों के जीवन एवं बाणगंगा की पवित्रता की रक्षा का पुनीत कार्य।



Open letter

# "If Mumbai does well, Malabar Hill will do great."

MLA **Mangal Prabhat Lodha** of the Malabar Hill constituency shares an open letter with Mumbaikars

Dear Mumbaikars,

The Malabar Hill constituency has been very close to my heart—I have lived here for almost 30 years and the constituency is home to a large number of my family, friends and well-wishers—what I call my Malabar Hill family. I am really grateful to the citizens of the constituency for supporting me in every endeavour and hope to continue serving them in the best possible manner.

I believe that the first duty of a public representative is to be available for his constituents. Not only has my mobile number remained the same for the last 30 years but I am proud to say that I have always stood by my constituents, whatever be the occasion and whenever there's a need. I begin each morning by meeting citizens at my residence to hear (directly from them) about what we can do to make Malabar Hill even better. After personally following up with the concerned authorities on actions to be taken, I monitor each task with equal attention. 'Hamesha Aapke Saath' is my philosophy and I have tried to deliver on this promise in every possible way.

My aim is to make Mumbai one of the world's most thriving cities—if Mumbai does well, Malabar Hill will do great. Mumbai continues to remain the commercial capital of the country but I believe that we need to do a lot more to create jobs, encourage businesses and improve the quality of life. The neglect of Mumbai by the State Government needs to be addressed and I am sure that with the advent of the new Central Government led by Shri Narendra Bhai Modi and a new government coming to Maharashtra soon, Mumbai's future is not only good but great.

Just as I was the first one to propose the revolutionary Right to Information Act (presented as a Private Member's Bill in late 1990s by me), I am constantly pushing for policies and actions that will benefit the city. So, when I write to you today, it is not about what I have already done for the constituency but about my immediate plans for this great city that we call home.

## My immediate plan to transform Mumbai

- Making Mumbai the best place to conduct business in India, through measures like the repeal of octroi and the abolishment of the excess licence culture. This will ensure job creation and income growth.
- Building a new link road that will connect Nariman Point to Worli, within five years. This will decongest Malabar Hill's roads and reduce travel [illegible]
- Ensuring at least five new ICSE/SSC schools in the Malabar Hill constituency, using the premises of closed or underutilised municipal schools; in all, 10,000 new school seats with preference for local residents.
- Improving public security especially for senior citizens, women and children, through enhanced lighting of all public spaces, facilitation of domestic help verification and a helpline for emergency response.
- Focused effort on making all open spaces in our area better-equipped, better-managed and accessible to all residents.
- Prioritising environmental issues to make Malabar Hill a better place for future generations. It will be a community-led programme with features that range from solar street lighting to increased tree plantation and waste recycling.
- Ensure that all residents of cessed buildings in Malabar Hill get new homes on an ownership basis through re-development within the next 10 years and through the reform of the present regulations.

Connect and converse directly with MLA Lodha through facebook: http://www.fb.com/MPLodha and Twitter: http://www.twitter.com/MPLodha

## एलआईसी और बैंकों की बिल्डिंगों के भाडूतों के लिए संघर्ष

हमारे क्षेत्र की एलआईसी और बैंकों की मालिकी की बिल्डिंगों में रहनेवाले भाडूतों को उनका हक दिलाने के लिए रेंट कंट्रोल एक्ट एवं म्हाडा के नियमों का लाभ दिलाने के साथ इनके पिरेयरिंग, विकास एवं भाडूतों के हक में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू कराने की लड़ाई भाडूतों के साथ मिलकर आज भी जारी है।

## प्रियदर्शिनी पार्क के व्यावसायिक दुरुपयोग पर रोक

प्रियदर्शिनी पार्क में फिल्मों की शूटिंग एवं अन्य व्यावसायिक गतिविधियों का स्थानीय लोगों में विरोध था। पर, इस सरकारी जमीन को कुछ नेता निजी मिल्कियत समझ बैठे थे। मैंने स्थानीय लोगों का साथ देकर प्रियदर्शिनी पार्क के व्यावसायिक दुरुपयोग को रुकवाया।

## पारसी मित्र

मुसलिम समुदाय को हज यात्रा के लिए मिलनेवाली सब्सिडी की तरह पारसी समुदाय को भी अपने धर्मस्थल इरान की यात्रा के लिए सब्सिडी का प्रयास चालू है। पारसी समुदाय के प्रमुख लोगों को साथ लेकर महाराष्ट्र के राज्यपाल से मिलकर विधान परिषद में एंग्लो इंडियन समुदाय के सदस्य के मनोनयन की तरह ही पारसी समुदाय के सदस्य की भी नियुक्ति करने की मांग रखी।

# भारतीय जनता पार्टी

अधिक जानकारी के लिए **mangalprabhatlodha.com** **Email - lodhafoudation214@gmail.com**

**facebook.com/MPLodha** **@MPLodha** पर लॉग ऑन करें

मिराडोर बिल्डिंग, पहली मंजिल, ब्रिच कैन्डी, भुलाभाई देसाई मार्ग, मुंबई-26

Printer: Jagruti Printer - Qty: 2000 | Publisher: Siddharth Ghamre



## महत्वपूर्ण पहचान पत्र बनाने में नागरिकों का साथ



आधार कार्ड, पैन कार्ड, सीनियर सिटीजन कार्ड और राशन कार्ड जैसे पहचान पत्र बनाने में हमारा स्वयंसेवी नेटवर्क सहायता करता है। इस काम में हम नागरिकों एवं सरकारी संस्थाओं के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाकर लोगों की सहायते करते हैं। मलबार हिल विधानसभा क्षेत्र में हर साल २५००० से ज्यादा लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं।

## महिलाओं को राशन उपलब्ध कराना

हम ऐसी महिलाओं का सहयोग कर रहे हैं जो विधवा या बेसहारा हैं। ४५ साल से ६५ साल के बीच की महिलाएं जिनके पास ना तो परिवार का सहयोग है और ना ही पैसे कमाने का कोई जरिया। इन महिलाओं को प्रति व्यक्ति के हिसाब से ३ साल तक के लिए राशन, जैसे आटा, चावल, दाल, तेल, शक्कर, चायपत्ती, नमक आदि घरेलू जरुरत का सामान उपलब्ध करवाते हैं।

## अंबेडकर नगर झोपडपट्टी क्षेत्र में राहत कार्य

बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हम बहुत ही तेजी से कार्य कर रहे हैं। नवंबर २०१३ में आग लगने से अंबेडकर नगर झोपडपट्टी में ५०० घर नष्ट हो गए और लगभग २,५०० लोग प्रभावित हुए। आग से प्रभावित इन लोगों के पुर्नवास में मदद करने की योजना के तहत उन्हें तुरंत स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं और खाने-पीने की वस्तुएं तुरंत उपलब्ध की गईं।

## महाराष्ट्र के सूखा प्रभावित क्षेत्रों की सहायता

सन् २०१३ में महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों में भयंकर सूखा पडा था। तब हमने महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की व्यवस्था की साथ ही वहां पर पानी को जमा करने के लिए वाटर स्टोरेज डैम का निर्माण भी किया। मुंबई के साथ महाराष्ट्र की देखभाल का यह हमारा विशेष प्रयास था।

## अंतिम यात्रा सेवा

हमारे क्षेत्र में अंतिम यात्रा के लिए ले जाने वाले वाहनों की कमी है। इसलिए हमने 'अंतिम सेवा' वाहन की शुरुआत की, जो श्मशान भूमि तक अंतिम संस्कार हेतु ले जाने का कार्य करती हैं।

## महिलाओं के लिए सेल्फ डिफेंस क्लासेज

महिलाओं पर बढते अपराधों को देखते हुए १८ से ३० साल तक की लडकियों और महिलाओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी जा रही है, ताकि वे अपनी सुरक्षा करने में सक्षम बनें।





## धार्मिक तीर्थयात्रा का आयोजन

समय-समय पर बस और ट्रेन से विभिन्न तीर्थस्थानों पर दर्शनार्थ जाने के लिए बस और ट्रेन द्वारा यात्राओं के संचालन का आयोजन चल रहा हैं ताकि हमारे क्षेत्र में रहने वाले लोग अपनी धार्मिक मनोकामना को पूरा कर सकें।

## पूजा के नए स्थल

पूजा एवं उपासना के लिए हमने दो नए धार्मिक स्थलों का निर्माण किया है जिसमें पहला श्रीसाईंधाम है, जो ठाणे के पास नासिक हाईवे पर स्थित है और दूसरा लोढा धाम है जो अहमदाबाद हाईवे पर मीरारोड के पास है। इनके माध्यम से हम अपनी महान संस्कृति एवं धर्म का प्रचार-प्रसार करने के साथ पूजा-पाठ एवं आराधना की सुविधा भी प्रदान कर रहे हैं।

महिलाओं के लिए चौबीस घंटे कार्य करने वाली विशेष हेल्पलाइन है। जिसमें महिलाओं की सुरक्षा के साथ, उनकी सहायता और जरूरतमंद महिलाओं को अनाज उपलब्ध कराने का कार्य होता है। वैसे तो यह नजरअंदाज करने योग्य बात मानी जाती है, लेकिन मेरे लिए यह मेरी प्राथमिकता है।

# इस बार हमारा सपना और बडा है। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि हम इसे पूरा कर सकते हैं। आइए, इस बार मलबार हिल को और बेहतर बनाएं देते हैं।

बहुत ही जल्द बीजेपी महाराष्ट्र में सत्ता में आने वाली है और मुझे एक बार फिर मलबार हिल में आपकी सेवा करने का मौका मिलेगा। आप सभी के सहयोग और आशीर्वाद के साथ आपसे मेरी विनती है कि आप, आपके परिवार के सदस्य और मित्र, सभी ज्यादा से ज्यादा संख्या में मुझे अपना सहयोग दें ताकि मैं पूरे मलबार हिल क्षेत्र को एक बेहतरीन क्षेत्र बनाने के साथ आने वाले सालों में इसे विश्वस्तरीय बनाने का अपना सपना साकार कर सकूं।

जय हिंद!

मंगल प्रभात लोढा
विधायक - मलबार हिल

**बोलता नहीं, करता हूं**

# मुंबई के कायाकल्प के लिये मेरी ७ सूत्रीय योजना

**व्यवसाय व रोजगार :** स्वतंत्रता दिवस पर मोदीजी ने मेड इन इंडिया सामान के उत्पादन को प्रोत्साहित करने का वादा किया था। एकल बिंदू कर प्रणाली, चुंगी हटाने और अनेक लायसेंस संस्कृति को खत्म करने पर मुंबई भारत में व्यवसाय करने का सर्वश्रेष्ठ स्थान बन जाएगा। इससे मंबईकरों के लिए रोजगार सृजन और आय में वृद्धि भी होगा।

**कनेक्टिविटी :** लिंक रोड सहित नए रोड के निर्माण से अगले ५ वर्षो में नरीमन पॉईंट से वरली और फिर ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे जुड जाएंगे। इससे दक्षिण मुंबई की सड़कों पर भीड़ कम होगी और यात्रा के समय में कमी आएगी। इस की शुरुआत के तौर पर मेरे ४ साल के प्रयासों से हैगिंग गार्डन से चौपाटी बैंड स्टेंड तक सिरी रोड को महानगरपालिका द्वारा मंजूरी दी गई है।

**शिक्षा :** मलबार विधानसभा क्षेत्र में बंद पडे व कम उपयोगी म्युनिसिपल स्कूलों को फिर से शुरु करके ५ नए आईसीएसई व एसएससी स्कूल। स्थानीय निवासियों को वरीयता और नियंत्रित सीटों के साथ १०,००० नई स्कूल सीटों की सुविधा। हमने शारदा मंदिर स्कूल, गामदेवी से इसकी शुरुआत कर दी है।

**सुरक्षा :** सार्वजनिक स्थलों पर बेहतर रोशनी, घरेलू कामगारों के सत्यापन और इमर्जेन्सी में हेल्पलाइन के माध्यम से जन सुरक्षा, खास कर वरिष्ठ नागरिकों , महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा बढ़ाना।

**खुली जगह :** हमारे क्षेत्र में खुली जगह को साधन संपन्न, सुव्यवस्थित और सभी निवासियों के लिए उपलब्ध कराने पर जोर। प्रियदर्शिनी पार्क और मुंबई सेंट्रल पार्क में ओलम्पिक स्तरीय स्विमिंग पूल का निर्माण किया जाएगा।

**पर्यावरण :** आगामी पीढ़ियों के लिये मलबार हिल को बेहतरीन जगह बनाने के लिए पर्यावरण संबंधी मुद्दों को प्राथमिकता। सामुदायिक नेतृत्व वाले कार्यक्रमों में सौर स्ट्रीट लाईटिंग, अधिक पौधारोपण और कचरा रिसायकलिंग कार्यक्रम शामिल होंगे।

**घर :** मौजूदा नियमों में सुधार करके, अगले १० वर्षो के भीतर रीडेवलपमेंट द्वारा पुरानी सोसायटियों (३० साल से पुरानी) व सेस्ड भवनों के सभी निवासियों को नए घर मिलें यह सुनिश्चित प्रयास।

## मुंबई श्रेष्ठ रहेगी, तभी मलबार हिल महान बनेगा